दिन–रविवार दिनांक– 05 / 01 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 7.30 बजे से। अवधिः– 15 मिनट

---

01. मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने प्रगति यात्रा के दौरान मुजफ्फरपुर में चार सौ पचास करोड़ रूपये से अधिक की परियोजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण किया।

02. एनआईए ने फुलवारीशरीफ आतंकी फंडिंग मामले में प्रतिबंधित संगठन–पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया के मुख्य आरोपी मोहम्मद सज्जाद आलम को दिल्ली एयरपोर्ट से गिरफ्तार किया।

03. सर्द पछुआ हवा के प्रभाव से पूरा प्रदेश भीषण ठंड की चपेट में। पटना में आठवीं तक के स्कूल ग्यारह जनवरी तक बंद किये गए।

04. और, गुरु गोविंद सिंह महाराज के प्रकाश उत्सव के दूसरे दिन भव्य नगर कीर्तन का आयोजन।

————————————————————

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा है कि प्रदेश में जीविका समूह अच्छा काम कर रही हैं। उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार ने भी इस योजना की सराहना करते हुए इसी तर्ज पर आजीविका नाम से पूरे देश में इसे चलाया है। आज मुजफ्फरपुर में जीविका समूहों के स्टॉलों का निरीक्षण करने के बाद मुख्यमंत्री ने कहा कि जीविका दीदियों को सरकार हर संभव सहायता उपलब्ध करा रही है।

———बाईट———

मुख्यमंत्री ने अपनी प्रगति यात्रा के दौरान आज मुजफ्फरपुर में चार सौ पचास करोड़ रूपये से अधिक की छिहत्तर योजनाओं का शिलान्यास और उद्‌घाटन किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार हर क्षेत्र में लगातार काम कर रही है जिससे विकास को नई गति मिली है।

———बाईट———

मुख्यमंत्री ने कहा कि मुजफ्फरपुर में ट्रैफिक जाम की समस्या को दुर करने के लिए जिले के पूर्वी भाग में रिंग रोड का निर्माण कराया जायेगा। इससे जाम की समस्या दूर होने के साथ–साथ सीतामढ़ी और दरभंगा जाने में समय की भी काफी बचत होगी। उन्होंने कहा कि राम दयालु चौक पर जाम की समस्या को दूर करने के लिए गोबरसही और रामदयालु नगर में रेलवे क्रॉसिंग पर आरओबी का शीघ्र निर्माण कराया जायेगा। मुख्यमंत्री ने मुजफ्फरपुर के बैरिया बस स्टैंड का नाम अमर शहीद बैकुण्ठ शुक्ल के नाम पर करने की भी घोषणा की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने डेढ़ हजार से अधिक सामुदायिक

संगठनों और जीविकोपार्जन योजना के लाभार्थियों को पचास करोड़ से अधिक का चेक भी वितरित किया। आकाशवाणी समाचार के लिए मुजफ्फरपुर से के. के. कौशिक।

———————————————————————

राष्ट्रीय जांच एजेंसी—एनआईए ने फुलवारीशरीफ के पीएफआई आतंकी फंडिंग मामले में एक मुख्य आरोपी मोहम्मद सज्जाद आलम को दिल्ली एयरपोर्ट से गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी पूर्वी चंपारण जिले का रहने वाला है। एजेंसी ने कहा कि आरोपी प्रतिबंधित पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया का प्रशिक्षित कैडर है और उसके खिलाफ एनआईए, पटना की विशेष अदालत की ओर से गिरफ्तारी वारंट जारी किया गया था। एनआईए की जांच के अनुसार, आरोपी दुबई से संयुक्त अरब अमीरात, कर्नाटक और केरल स्थित सिंडिकेट्स के माध्यम से बिहार में पीएफआई कैडरों को अवैध धन पहुंचाने में शामिल था। इस फंड का इस्तेमाल पीएफआई की आपराधिक और गैरकानूनी गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए किया गया था। पीएफआई कैडरों के गैर—कानूनी और राष्ट्र विरोधी गतिविधियों में शामिल होने से संबंधित यह मामला जुलाई दो हजार बाईस में फुलवारी शरीफ पुलिस ने दर्ज किया था।

———————————————————————

राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद की ओर से मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को एनडीए छोड़कर महागठबंधन में शामिल होने के प्रस्ताव पर राजनीतिक बयानबाजी जारी है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने मुजफ्फरपुर में संवाददाताओं से बातचीत में कहा कि वे एनडीए के साथ हैं और कहीं जाने का सवाल नहीं है।

———बाईट———

केन्द्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने लालू प्रसाद के बयान पर कहा कि उन्होंने अपनी हार स्वीकार कर ली है। श्री सिंह ने आज पटना में संवाददाताओं से बातचीत में कहा कि बिहार अब जंगलराज के चंगुल से निकलकर डबल इंजन सरकार के नेतृत्व में प्रगतिपथ पर आगे बढ़ रहा है।

———बाईट———

इधर, उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा कि लालू प्रसाद आगामी चुनाव में अपनी संभावित हार को देखकर डरे हुए हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में एनडीए सरकार आगे भी राज्य के विकास के लिए काम करती रहेगी।

———बाईट———

————————————————————————————

इधर, नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव ने मोतिहारी में संवाददाताओं से बातचीत में कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को महागठबंधन में शामिल होने का कोई ऑफर नहीं दिया गया है।

———बाईट———

————————————————————————————

सिखों के दसवें और अंतिम गुरु, गुरु गोविंद सिंह जी महाराज के तीन सौ अट्ठावनवें जन्मोत्सव के दूसरे दिन आज कई कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। पटना सिटी स्थित तख्तश्री हरमंदिर साहिब में देश के विभिन्न भागों से आई हुजुर रागी संगीत मंडलियां कीर्तन में हिस्सा ले रही हैं। इस कार्यक्रम में भाग लेने आए श्रद्धालुओं ने आकाशवाणी से बातचीत करते हुए कहा कि प्रशासन ने काफी अच्छा प्रबंध किया है।

———बाईट———

तख्त श्री हरमंदिर साहिब सहित निकटवर्ती गुरूद्वारों में लंगर आयोजित किए जा रहे हैं। प्रकाश पर्व को लेकर पटना के गाय घाट, बाल लीला, गुरु का बाग, कंगन घाट और हांडी साहिब गुरुद्वारों को भी आकर्षक ढंग से सजाया गया है। अशोक राजपथ के चौक थाना मोड़ से लेकर कंगन घाट तक भव्य और आकर्षक सजावट की गई है। उत्सव को लेकर पटना जिला प्रशासन की ओर से भी व्यापक प्रबंध किये गये हैं। जिलाधिकारी डॉ. चंद्रशेखर सिंह ने बताया कि भीड़ प्रबंधन के लिए तिरासी स्थलों पर एक सौ पंद्रह मजिस्ट्रेट की नियुक्ति की गयी है। प्रकाशोत्सव को लेकर पटना सिटी में भारी वाहनों के परिचालन पर रोक लगायी गयी है।

————————————————————————————

सर्द पछुआ हवा के प्रभाव से पूरा प्रदेश ठंड की चपेट में है। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार आज पूर्वी चंपारण के मोतिहारी में सबसे कम न्यूनतम तापमान छह दशमलव सात डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। वैशाली, समस्तीपुर और नालंदा में अति शीत दिवस और पटना तथा मोतिहारी में शीत दिवस की स्थिति बनी रही। विभाग के अनुसार पटना में अति घना कोहरा और गया, भागलपुर और पूर्णियां में घना कोहरा दर्ज किया गया। मौसम विज्ञान केन्द्र पटना के वैज्ञानिक ने बताया है कि अगले चौबीस घंटों के दौरान राज्य के अधिकांश जिलों में सुबह के समय घना कोहरा छाये रहने की संभावना है।

———बाईट———

————————————————————————

इधर, शीतलहर को देखते हुए पटना जिला प्रशासन ने आठवीं तक के सभी सरकारी और निजी स्कूलों को कल से ग्यारह जनवरी तक बंद करने का आदेश जारी किया है। जिलाधिकारी डॉक्टर चन्द्रशेखर सिंह की ओर से जारी आदेश में कहा गया है कि आठवीं से ऊपर की कक्षाएं सुबह नौ बजे से दोपहर बाद साढ़े तीन बजे के बीच संचालित की जा सकती है।

————————————————————————

भाजपा के वरिष्ठ नेता और पूर्व उपमुख्यमंत्री स्वर्गीय सुशील मोदी की आज पचहत्तरवीं जयंती है। भाजपा की ओर से इस मौके पर पटना सहित प्रदेश के विभिन्न स्थानों पर कई कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। मुख्य कार्यक्रम पटना के श्रीकृष्ण मेमोरियल हॉल में आयोजित किया गया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विजय कुमार सिन्हा और स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय सहित अन्य वरिष्ठ नेताओं ने सुशील मोदी की तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित कर अपनी श्रद्धांजलि दी। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जायसवाल ने श्रद्धांजलि के बाद कहा कि सुशील मोदी पार्टी के लिए प्रेरणास्रोत हैं।

———बाईट———

————————————————————————

स्वास्थ्य विभाग ने डीएमसीएच, दरभंगा के नेत्र रोग विभाग की अधीक्षक डॉक्टर अलका झा को अगले आदेश तक डीएमसीएच, दरभंगा का प्रचार्य नियुक्त किया है। वहीं, डीएमसीएच, दरभंगा के फिजियोलॉजी विभाग की प्रध्यापक डॉक्टर शीला कुमार को डीएमसीएच, दरभंगा का अधीक्षक नियुक्त किया गया है। विभाग ने एनएमसीएच, पटना के शिशु रोग विभाग की प्राध्यापक डॉक्टर अलका सिंह को एनएमसीएच, पटना का अधीक्षक नियुक्त किया गया है। यह तमाम पदस्थापन कार्यकारी व्यवस्था के तहत की गई है।

———————————————————————————

कृषि मंत्री मंगल पांडेय ने कहा है कि राज्य में बागवानी को बढ़ावा देकर किसानों की आय दोगुनी की जाएगी। कृषि मंत्री पटना के गाँधी मैदान में चल रहे तीन दिवसीय बागवानी महोत्सव के समापन समारोह को संबोधित कर रह थे। श्री पांडेय ने कहा कि महोत्सव में पौधों के बिचड़ों, बीजों, मधु और मखानों सहित विभिन उत्पादों की अच्छी बिक्री हुई। उन्होंने कहा कि कृषि विशेषज्ञों ने तकनीकी सत्र चलाकर किसानों को बदलते वातावरण के हिसाब से खेती करने और फसलों का उत्पादन बढ़ाने का भी प्रशिक्षण दिया। गया। इस महोत्सव में सात सौ से अधिक किसानों ने सौ से अधिक स्टाल लगाए थे। कृषि मंत्री ने बागवानी महोत्सवा के सफल आयोजन को लेकर कृषि विभाग के बागवानी निदेशक अभिषेक कुमार और उनकी टीम को बधाई और शुभकामनाएँ दी।

———————————————————————————

01. मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने प्रगति यात्रा के दौरान मुजफ्फरपुर में चार सौ पचास करोड़ रूपये से अधिक की परियोजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण किया।

02. एनआईए ने फुलवारीशरीफ आतंकी फंडिंग मामले में प्रतिबंधित संगठन–पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया के मुख्य आरोपी मोहम्मद सज्जाद आलम को दिल्ली एयरपोर्ट से गिरफ्तार किया।

03. सर्द पछुआ हवा के प्रभाव से पूरा प्रदेश भीषण ठंड की चपेट में। पटना में आठवीं तक के स्कूल ग्यारह जनवरी तक बंद किये गए।

04. और, गुरु गोविंद सिंह महाराज के प्रकाश उत्सव के दूसरे दिन भव्य नगर कीर्तन का आयोजन।

———————————————————————————

समाप्त